




नवभारत

भोपाल, सोमवार, 30 मार्च, 2026


## एक नजर में



### जयंती कार्यक्रम में सब बनेंगे सहयोगी

**आष्टा.** आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीम राव के जन्मोत्सव को भव्यता से मनाने पूर्व जनपद अध्यक्ष बापूलाल मालवीय को आयोजन समिति का अध्यक्ष बनाया गया है. मालवीय ने पूर्व नपाध्यक्ष कैलाश परमार से सौजन्य भेंट की. परमार ने बापूलाल मालवीय का स्वागत करते हुए कहा कि अंचल उत्सव प्रेमी है. विधि में विश्वास रखता है. इस कारण आयोजन में सभी दल सभी वर्ग एक जुट होकर जुटेंगे और बाबा साहब अम्बेडकर के दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प लेंगे. इस अवसर पर अर्जुन सिंह अजय, अभिषेक जेलवाल, नीलेश परमार, नेमीचंद मालवीय, लंकेश चौहान, अभिभाषक गण सुरेंद्र सिंह परमार, वीरेंद्र सिंह परमार, पल्लव प्रगति मौजूद थे.

### आज से शुरू होगा फुटबॉल प्रशिक्षण

**सीहोर.** शहर के चर्च मैदान पर खेली जा रही ब्लाक स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में गुरुवार की शाम को रोमांचक मुकाबला सीहोर रेड और सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया. मुकाबले में सीहोर रेड ने 2-1 से जीत हासिल की. सीहोर रेड की ओर से अंतिम समय में राज ने एक गोल किया. एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि 30 मार्च से चर्च ग्राउंड पर निशुल्क फुटबाल प्रशिक्षण दिया जाएगा.

### राजस्व मंत्री वर्मा का आगमन आज

**सीहोर.** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 30 मार्च को दोपहर 12 बजे सीहोर पहुंचेंगे और कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित उपार्जन समिति की बैठक में शामिल होंगे.

### महावीर जयंती पर आज सार्वजनिक अवकाश

**सीहोर.** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह द्वारा पूर्व में घोषित सार्वजनिक अवकाश में संशोधन करते हुए महावीर जयंती के उपलक्ष्य में 30 मार्च को जिले में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है. इसके साथ ही 31 मार्च को सभी शासकीय कार्यालय एवं संस्थाएं पूर्ववत खुले रहेंगे.

### पंछियों की प्यास बुझाने क्लब बांटेगा जल पात्र

**सीहोर.** लायंस क्लब सिद्धपुर ने गर्मी के मौसम में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए एक संवेदनशील अभियान शुरू किया है. इस अभियान के तहत वह इस गर्मी के मौसम में शहर वसियों को 500 जल पात्र (पानी के सकोरे) वितरित करेगा. इसी कड़ी में 31 मार्च को कोतवाली चौराहे पर 200 जल पात्र वितरित करने के साथ साथ एक जागरूकता अभियान भी चलाएंगे. क्लब के उपाध्यक्ष ला अजय राय ने बताया कि गर्मी के दिनों में पंछियों को भोजन पानी के परेशान होना पड़ता है. यह जन जागरूकता अभियान न केवल उन्हें राहत देने का माध्यम बनेगी, बल्कि समाज को भी यह संदेश देगी कि हम सब मिलकर प्रकृति और जीव-जंतुओं की सेवा कर सकते हैं.

### पेयजल और भूसे की व्यवस्था के निर्देश

**सीहोर.** ग्रीष्म काल को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा सभी जनपद सीईओ एवं अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि गौशालाओं में रह रही गायों के लिए पर्याप्त पेयजल एवं भूसे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए. आष्टा जनपद के ग्राम धूराड़ा कला सहित अन्य गौशालाओं में गायों के लिए पर्याप्त पेयजल एवं भूसे की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है. संबंधित अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की कमी न रहे.

# पेयजल लूट पर कार्रवाई, छह मोटर की जब्त

## नगरपालिका अमले ने काहिरी बंधान से पानी चोरी करने वाले शाजापुर जिले के किसानों की मोटर पकड़ी

- पांच- पांच हार्सपावर की छह मोटरों को किया जब्त
- पानी चोरी होने के कारण तेजी से कम हो रहा है जलस्तर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 मार्च. मानसून में कम बारिश होने के कारण शहर की प्यास बुझाने का दारोमदार निभाने वाले भगवानपुरा तालाब, जमोनिया तालाब और पार्वती नदी पर बने काहिरी बंधान के पानी को जिला प्रशासन द्वारा भले ही शहर की प्यास बुझाने के लिए आरक्षित कर दिया है. इसके बाद भी पानी की चोरी नहीं थम रही है. रविवार को नपा के अमले ने काहिरी बंधान से पड़ोसी जिले शाजापुर के किसानों की आधा दर्जन मोटर जब्त करने की कार्रवाई को अंजाम दिया है.**



**सीहोर.** पेयजल के लिए काहिरी बंधान में संरक्षित पानी की चोरी करते किसानों की मोटर को नगरपालिका के अमले द्वारा जब्त किया गया.

जिले में इस वर्ष अल्पवर्षा के चलते सभी जलस्त्रोतों में पानी का स्तर लगातार घटता जा रहा है. ऐसे हालात में शहर की पेयजल आपूर्ति बनाए रखना प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती बन गया है. इसी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने शहरवासियों की प्यास बुझाने के लिए प्रमुख जलस्रोत जमोनिया तालाब, भगवानपुरा तालाब और पार्वती नदी पर बने काहिरी बंधान के पानी को आरक्षित घोषित किया है. जिला कलेक्टर बालागुरू के ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि नदी- तालाब में पेयजल के लिए संरक्षित पानी का दुरुपयोग न हो सके तथा इसकी चोरी पर भी सख्ती से लगाम कसी जाए. इसके बावजूद कुछ किसान चोरी-छिपे इस पानी का उपयोग सिंचाई के लिए कर रहे हैं, जिससे स्थिति और गंभीर होती जा रही है.

रविवार को नगर पालिका के अमले ने सहायक यंत्री विजय कोली, उपयंत्री वैभव लोवानिया के निर्देशन में काहिरी बंधान क्षेत्र में सघन कार्रवाई करते हुए पेयजल की चोरी कर रहे किसानों पर शिकंजा कसा.

निरीक्षण के दौरान सामने आया कि पड़ोसी जिले शाजापुर के किसान अवैध रूप से मोटर पंप लगाकर बंधान से पानी खींच रहे थे और उसे अपनी फसलों की सिंचाई में उपयोग कर रहे थे. यह पानी विशेष रूप से शहर की पेयजल जरूरतों के लिए सुरक्षित रखा गया है, ऐसे में इसका दुरुपयोग गंभीर चिंता का विषय बन गया है.

नपा की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए पांच-पांच हार्सपावर के लगभग आधा दर्जन मोटर पंप जब्त किए. अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि पेयजल स्त्रोतों से इस प्रकार पानी निकालना पूरी तरह प्रतिबंधित है और ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. प्रशासन का कहना है कि यदि इस तरह की गतिविधियां नहीं रोकी गईं, तो आने वाले दिनों में शहर में जल संकट गहरा सकता है. स्थानीय प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे पेयजल स्त्रोतों का सम्मान करें और सिंचाई के लिए वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें। साथ ही चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति या किसान इस तरह की अवैध गतिविधि में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

जल संकट की इस स्थिति में उपलब्ध जल संसाधनों का संरक्षण व उनका उपयोग केवल आवश्यक कार्यों के लिए नहीं किया गया तो गर्मी में लोगों को गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड़ सकता है.

### लगातार कर रहे निगरानी

कलेक्टर के निर्देश पर जलस्त्रोतों की लगातार निगरानी की जा रही है. इसी तारतम्य में रविवार को काहिरी बंधान से छह मोटर जब्त की गई हैं. आगे भी अमले द्वारा सतत निगरानी का सिलसिला जारी रहेगा.

**विजय कोली,**
सहायक यंत्री, नपा सीहोर





## यंग वॉरियर इटारसी टीम बनी चैम्पियन


नवभारत न्यूज

**बुधनी 29 मार्च.** नगर के दशहरा ग्राउंड में आयोजित 6 दिवसीय 8 साइड रात्रिकालीन बॉक्स क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य समापन उत्साह और उमंग के बीच संपन्न हुआ. प्रतियोगिता का आयोजन डीडी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल द्वारा किया गया, जिसमें आसपास के विभिन्न क्षेत्रों से आई 32 टीमों ने भाग लिया.

प्रतियोगिता का शुभारंभ स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अर्जुन मालवीय द्वारा किया गया. उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और इससे अनुशासन व सकारात्मक सोच विकसित होती है. छह दिनों तक चले इस रात्रिकालीन टूर्नामेंट में रोजाना रोमांचक मुकाबले देखने को मिले. बुधनी, होशंगाबाद, इटारसी सहित आसपास के क्षेत्रों की टीमों ने खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन किया. प्रतियोगिता के दौरान मैदान में दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी. फाइनल मुकाबला फ्रेंड्स और यंग वॉरियर इटारसी के बीच खेला गया, जिसमें यंग वॉरियर इटारसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया. वहीं फ्रेंड्स टीम उपविजेता रही. समापन अवसर पर विजेता टीम को 21 हजार रुपये एवं उपविजेता टीम को 11 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई. पुरस्कार वितरण समारोह में नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे.

इस अवसर पर डीडी कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल के संचालक सीबी त्रिपाठी, सीवी रमन कॉलेज के संचालक विवेक भदौरिया, युवा शक्ति अध्यक्ष मंटू खान, राकेश तनेजा, दीपेश शर्मा, धीरेन्द्र तिवारी, सोनू बत्रा, पीयूष मालवीय, सोनू चौहान, विजय सक्सेना एवं यशवंत चौहान सहित अन्य अतिथियों ने खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया. मनोरम व्यास द्वारा की गई आकर्षक कमेंट्री एवं मंच संचालन ने दर्शकों को बांधे रखा.

## डॉ. तोगड़िया के आगमन को लेकर उत्साह



नवभारत न्यूज

**बुदनी 29 मार्च.** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के संस्थापक प्रवीण तोगड़िया के सोमवार को बुदनी नगर आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं और धर्मप्रेमियों में उत्साह देखा जा रहा है. उनके स्वागत को लेकर नगर में तैयारियां जोरों पर हैं.

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, डॉ. प्रवीण तोगड़िया 30 मार्च की रात करीब 8 बजे बुदनी पहुंचेंगे, जहां जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उनका जोरदार स्वागत करेंगे. प्रवास के दौरान वे सक्रिय कार्यकर्ताओं के निवास पर जाकर उनसे सीधे संवाद करेंगे और संगठन की आगामी रणनीतियों पर चर्चा करेंगे. उनका रात्रि विश्राम सांसद प्रतिनिधि अर्जुन मालवीय के निवास पर प्रस्तावित है.

प्रवास के दूसरे दिन 31 मार्च को सुबह डॉ. तोगड़िया संगठन के पदाधिकारियों एवं क्षेत्रीय नेताओं से औपचारिक भेंट करेंगे. इस दौरान वे समसामयिक सामाजिक विषयों पर मार्गदर्शन भी प्रदान करेंगे. इसके पश्चात वे नर्मदापुरम के लिए रवाना होंगे. डॉ. तोगड़िया के आगमन को लेकर कार्यकर्ता काफी उत्साहित हैं. अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल संगठन के स्थानीय नेतृत्व ने सभी कार्यकर्ताओं से इस अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल एवं भव्य बनाने की अपील की है. इस अवसर पर उनके स्वागत में अनेक स्थानों पर प्रवेश द्वार बनाए जा रहे हैं.

# भोपाल के नाम से छात्रों को भ्रमित कर रही वीआईटी यूनिवर्सिटी

- वीआईटी पर मानवाधिकार आयोग ने किया मामला दर्ज
- भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने की थी वीआईटी की शिकायत

नवभारत न्यूज

**आष्टा 29 मार्च.** कोठरी स्थित वेल्लोर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) द्वारा संचालित विश्वविद्यालय एक बार फिर विवादों में घिर गया है. 'वीआईटी भोपाल यूनिवर्सिटी' नाम से प्रचार-प्रसार करने को लेकर अब राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने मामले में संज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया है.

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि विश्वविद्यालय अपने नाम में 'भोपाल' का उपयोग कर छात्रों और अभिभावकों को गुमराह कर रहा है, जबकि इसका वास्तविक परिसर भोपाल शहर में नहीं, बल्कि सीहोर जिले की आष्टा तहसील के ग्राम कोठरी में स्थित है. जानकारी के अनुसार, यह कैंपस भोपाल से लगभग 70-75 किलोमीटर दूर है. बावजूद इसके, 'भोपाल' नाम के उपयोग से अन्य राज्यों के छात्र ऑनलाइन एडमिशन के दौरान भ्रमित हो जाते हैं और यह मान लेते हैं कि विश्वविद्यालय राजधानी में ही स्थित है. बाद में वास्तविक स्थिति सामने आने पर उन्हें असुविधा और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ता है.

इधर, विश्वविद्यालय पहले से ही छात्रों के आक्रोश का सामना कर चुका है। कुछ समय पूर्व मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर छात्रों ने उग्र प्रदर्शन किया था। आरोप है कि कैंपस में पानी, स्वच्छता और अन्य जरूरी व्यवस्थाओं का अभाव है, जिससे छात्र लंबे समय से परेशान हैं।





गुस्साए छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान तोड़फोड़ और आगजनी तक की थी, जिससे स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी.

इसके अलावा, विश्वविद्यालय प्रशासन पर अव्यवस्था और लापरवाही के आरोप भी लगातार सामने आते रहे हैं। कैंपस में अवैध क्लीनिक संचालन की शिकायतें भी चर्चा में रही हैं। छात्रों का कहना है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जाता और शिकायतों पर उचित कार्रवाई नहीं होती. पूर्व में रैगिंग के मामलों को लेकर भी छात्र थाने तक पहुंचे थे. हालांकि, आरोप है कि उस दौरान भी संस्थान ने जांच में अपेक्षित सहयोग नहीं किया. अब मानवाधिकार आयोग की एंट्री के बाद इस पूरे मामले ने नया मोड़ ले लिया है. आने वाले समय में जांच के आधार पर संस्थान पर कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है.

### छात्रों के अधिकारों का कर रही वीआईटी उल्लंघन

इस मामले को लेकर एनएसयूआई ने मध्य प्रदेश शासन, निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग में शिकायत दर्ज कराई थी. संगठन का कहना है कि संस्थान द्वारा इस तरह का नाम उपयोग करना पारदर्शिता के खिलाफ है और छात्रों के अधिकारों का उल्लंघन करता है. शिकायत के आधार पर आयोग ने मामले को गंभीर मानते हुए संबंधित पक्षों से जवाब तलब करना शुरू कर दिया है. मामले में छात्र संगठन नेताओं का कहना है कि वीआइटी प्रबंधन द्वारा छात्रहित के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिसे सहन नहीं किया जाएगा.

# दो दिन की तलाशी के बाद मिल सका आर्यन का शव

- शुक्रवार की दोपहर जमोनिया तालाब में डूबा था युवक
- एसडीआरएफ की टीम दो दिन से कर रही थी तलाश

नवभारत न्यूज

**सीहोर 29 मार्च.** गत शुक्रवार की दोपहर अपने दोस्तों के साथ जमोनिया तालाब पर नहाने के दौरान डूबे फ्रीगंज मंडी निवासी युवक का शव दो दिन बाद रविवार की सुबह सतह पर आ गया. पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजते हुए मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ कर दी है.

प्राप्त जानकारी के अनुसार मंडी थानातंर्गत फ्रीगंज निवासी 18 वर्षीय युवक आर्यन सूर्यवंशी आ. नरेन्द्र शुक्रवार की दोपहर अपने दोस्तों के साथ बाइक से जमोनिया तालाब नहाने गया था. नहाते समय वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया. यह देख उसके दोस्तों ने घर आकर आर्यन के परिजनों को बताया. इस दौरान सूचना मिलने पर मंडी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी. शुक्रवार की शाम तक पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने तालाब में युवक की तलाश की, लेकिन अंधेरा होने के कारण सर्चिंग ऑपरेशन रोका गया जिसे अगले दिन शनिवार को भी दिन भर चले सर्चिंग ऑपरेशन के बाद भी आर्यन का कोई सुराग नहीं मिला



था. गोताखोरों ने तालाब की तलहटी तक छान डाली तो जाल भी फैंका गया, लेकिन आर्यन का पता नहीं चला. रविवार की सुबह एक बार फिर सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया. कुछ ही देर में युवक का शव पानी की सतह पर तैरता नजर आया. मंडी पुलिस ने शव को बाहर निकलवाते हुए पीएम के लिए भेजा व मर्ग कायम कर मामले की जांच प्रारंभ कर दी है. पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया. शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार किया गया.

## नर्मदा नदी से भी दोनों युवकों के शव बरामद

**भैरूंदा.** शुक्रवार को नर्मदा नदी में सीलकंठ घाट के समीप नाव पलटने से उसमें सवार दो युवक तेज बहाव में बह गए थे. तब से ही उनकी तलाश में टीमों द्वारा अभियान चलाया जा रहा था, लेकिन एसडीआरएफ टीम के गोताखोरों को सफलता नहीं मिल रही थी. रविवार की सुबह एक बार फिर चलाए गए सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान दोनों युवकों लड्डू कुमार और रंजीत दोनों निवासी पूर्णिया (बिहार) को तलाश लिया गया. दोनों युवकों के शवों को नर्मदा से बाहर निकालते हुए पुलिस ने उनका पोस्टमार्टम कराया और उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है.

## नरवाई नहीं जलाने जागरूक कर रहा रथ

**सीहोर 29 मार्च.** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार कृषि विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को नरवाई प्रबंधन के प्रति जागरूक किया जा रहा है. इसके लिए कृषि विभाग द्वारा जागरूकता रथ संचालित किया जा रहा है, जिसमें लगे लाउडस्पीकर के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानों और नरवाई प्रबंधन के वैकल्पिक उपायों के बारे में जानकारी दी जा रही है.

प्रचार रथ द्वारा लाउडस्पीकर व पोस्टर के माध्यम से जिले के किसानों को समझाइश दी जा रही है कि वे फसल के अवशेष (नरवाई) को जलाने के बजाय वैज्ञानिक तरीकों से उसका प्रबंधन करें, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे, पर्यावरण प्रदूषण से बचाव हो और कृषि उत्पादन भी अधिक हो. कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा किसानों से अपील की जा रही है.


### कृषि भूमि बेचना है

शाहगंज के मुख्य रोड से 3 किमी दूरी पर कुसमैली डेम के मुख्य रोड पर 13 एकड़ तथा शाहगंज- भोपाल रोड पर (दुर्गा विहार कालोनी) के पास एक एकड़ कृषि योग्य भूमि विक्रय हेतु उपलब्ध है।

**सम्पर्क सूत्र-**
**9977245282,**
**9869193662,**
**9993553556**


निरीक्षण ▶ गुंजारी नर्मदा संगम घाट पर जारी स्वच्छता सेवा कार्य का मंत्री प्रहलाद पटेल ने लिया जायजा

# जलस्त्रोतों का संरक्षण आज की अहम आवश्यकता : पटेल

नवभारत न्यूज

**बुधनी 29 मार्च.** पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने ग्राम पंचायत जोशीपुर में गुंजरी नर्मदा संगम घाट पर जनभागीदारी के माध्यम से किए जा रहे स्वच्छता सेवा कार्य का निरीक्षण किया और नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया.

इस अवसर पर मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जल स्त्रोतों का संरक्षण और स्वच्छता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, जिसमें सभी की सहभागिता जरूरी है. उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे स्वच्छता और जल संरक्षण को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और गांव-गांव जाकर जागरूकता फैलाएं. उन्होंने कहा कि सभी मिलकर प्रयास करें तो स्वच्छता और जल संरक्षण के लक्ष्य को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है.

उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान एक अभियान नहीं बल्कि जनआंदोलन है, जिसे हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझकर अपनाना चाहिए.

### अब तक 52 खेत- तालाबों का काम पूरा

अभियान के शुभारंभ से अब तक जिले के पांचों अनुभागों में अभी तक 52 खेत तालाब पूर्ण किए गए हैं. इसी प्रकार 264 डगवेल रिचार्ज कार्य भी पूर्ण किए गए हैं. शहरी विकास अभिकरण द्वारा अमृत 2.0 योजनांतर्गत जल संग्रहण संरचना जीर्णोद्धार के 03 कार्य, नदियों में मिलने वाले नालों के शोधन के 05 कार्य, नदियों-तालाबों एवं बावड़ियों को अतिक्रमण मुक्त कराने संबंधी 05 कार्य, नाले नालियों की साफ-सफाई एवं सौंदर्यकरण के 32 कार्य, नगरीय निकायों वॉटर हार्वेस्टिंग स्थापना के 07 कार्य, नगरीय निकायों में हरित क्षेत्र विकास के 04 कार्य किए गए हैं. इसी प्रकार नगरीय निकायों में प्रमुख 14 स्थलों प्याउ की स्थापना की गई है। पीएचई विभाग द्वारा नल योजना के ऑपरेटरों के 18 प्रशिक्षण आयाजित किए जा चुके हैं.



उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल स्त्रोतों को संरक्षित नहीं करेंगे, तो भविष्य में गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ सकता है. मंत्री श्री पटेल ने ग्रामीणों से कहा कि वे वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग और जल स्त्रोतों की साफ-सफाई पर ध्यान दें. स्वच्छता और जल संरक्षण के प्रति जागरूक समाज ही समृद्ध और सशक्त समाज की नींव रखता है. इस अवसर पर विधायक रमाकांत भार्गव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे.


VERITAS FINANCE

**वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड**
सीआईएन नंबरः U65923TN2015PLC100328
(पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड)
एसकेसीएल सेंट्रल स्क्वायर 1, साउथ और नॉर्थ विंग, 7वीं मंजिल, यूनिट # C28 - C35 CIPET रोड, थिरु वि का इंडस्ट्रियल एस्टेट, गिंडी, चेन्नई - 600 032. वेबसाइटः www.veritasfin.in

**शाखाओं का विलय**

प्रिय ग्राहक,
प्रबंधन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि दोराहा (Doraha) शाखा के संचालन को 01.07.2026 से सीहोर (Sehore) शाखा के साथ विलय (merge) कर दिया जाएगा।

| शाखा का नाम | दोराहा का पता |
|---|---|
| दोराहा | वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के रूप में ज्ञात) प्रथम तल, ग्राम बरखेड़ा द श्यामुपर, सीहोर, दोराहा, मध्य प्रदेश - 466661. ईमेलः customercare@veritasfin.in टोल-फ्रीः 18002029155 |

इसके परिणामस्वरूप, सीहोर शाखा का संचालन निम्नलिखित पते पर होगाः

| शाखा का नाम | सीहोर का पता |
|---|---|
| सीहोर | वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के रूप में ज्ञात) प्रथम तल, देव कॉम्प्लेक्स गंगा आश्रम गुकीजारी का, बगीचा स्वदेश नगर, बस स्टैंड रोड, सीहोर, मध्यप्रदेश - 466001. ईमेलः customercare@veritasfin.in टोल-फ्रीः 18002029155 |

सहायता के लिए, ग्राहकों से अनुरोध है कि वे विलय की गई शाखाओं के लिए नए पते पर संपर्क करें। हम अपने ग्राहकों से सहयोग का अनुरोध करते हैं। दोराहा शाखा के बंद होने की तिथि 30/06/2026 है।

**प्रबंधन की ओर से और उनके लिए,**
**वेरिटास फाइनेंस लिमिटेड**
**हस्ताक्षर/-**
**डी अरुलमनी (D Arulmany)**
**प्रबंध निदेशक एवं सीईओ**

**स्थानः सीहोर**
**दिनांकः 30.03.2026**